आपको “सद्भावना अनुमान” प्राप्त करने का अधिकार है जिसमें यह स्पष्ट किया गया हो कि आपकी चिकित्सा सेवा की लागत क्या होगी

कानून के अंतर्गत, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को **उन रोगियों को** चिकित्सा वस्तुओं और सेवाओं के लिए बिल का कोई अनुमान देना होगा **जिनके पास बीमा नहीं है या जो बीमा का उपयोग नहीं करते**।

- आपके पास किसी गैर-आपातकालीन वस्तु या सेवा की कुल अपेक्षित लागत के लिए सद्भावना अनुमान प्राप्त करने का अधिकार है। इसमें प्रासंगिक लागतें शामिल हैं, जैसे चिकित्सीय परीक्षण, नुस्खे वाली दवाएं, उपकरण और अस्पताल के शुल्क।

- सुनिश्चित करें कि आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको आपकी चिकित्सा सेवा या वस्तु से कम से कम 1 कार्य-दिवस पहले सद्भावना अनुमान देता है। आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, और आपके द्वारा चुने गए किसी अन्य प्रदाता को वस्तु या सेवा शेड्यूल करने से पहले सद्भावना अनुमान देने के लिए भी कह सकते हैं।

- यदि आपको अपने सद्भावना अनुमान से कम से कम $400 अधिक का बिल प्राप्त होता है तो आप बिल पर एतराज कर सकते हैं।

- अपने सद्भावना अनुमान की प्रति सहेजना या चित्र लेना सुनिश्चित करें।

सद्भावना अनुमान के लिए अपने अधिकारों के बारे में प्रश्नों या अधिक जानकारी के लिए, www.cms.gov/nosurprises पर जाएं या 1-800-985-3059 पर कॉल करें।